इसका क्या मतलब हुआ । हमारा पड़ौसी देश हैं पाकिस्तान । कहने को तो ऍब्साल्यूट मेजारिटी मिली है पाकिस्तान में प्रधान मंत्री को लेकिन क्या वह एब्साल्यूट मेजारिटी ऐसी हैं जिसकी बुनियाद पर वहां के देश को चलाने वाला यह कह सके कि इस मुल्क की अक्सरियत मुझे हासिल हैं । 35 फीसदी लोगों का मिला हुआ वोट जिसमें कुछ फीसद दूसरों की भी है,वह अपने आपको उस देश की तकदीर को बदलने वाला नहीं कह सकता । यह तभी हो सकता है जब हम गरीबों के दिल में जगह पैदा करें और गरीब जनता से किए हुए वादों को पूरा करें । बिजली नहीं मिलती,पानी नहीं मिलता । महंगा बीज मिलता हैं,मंहगी खाद मिलती है और जब किसान को यह सब मंहगा मिलता है-और सस्ता बेचते है,महंगा खरीदते हैं,कपड़ा महंगा,लेगा,बच्चे की पढ़ाई महंगी होगी-हमारे यहां एक रिवाज बन गया है,यह सदन हो या...। या ऐसा हीएक गोल सदन इस के बराबर का हो,एक फैशन सा बन गया है-गरीबी से लड़ा जाएगा,महंगाई कम की जाएगी । महोदया,मंहगाई कम करने के लिए वकीनन हमारे देश के खाद्य मंत्री ने एक नयी स्कीम चलानी चाही है सस्ता अनाज देने की । मैं इस से बिल्कुल सहमत नहीं हूं कि"आउटराइटली" बिल्कुल रिजेक्ट कर दिया जाए कि इस का कोई मतलब नहीं है । इस से कोई फायदा नहीं होगा । यह एक ऐसी स्कीम है जिसे एक दर्दमंद दिल रखनेवाला इंसान ही दे सकता था । ऐसा नहीं है कि इस कोई फायदा नहीं होगा । यकीनन इस फायदा होगा और इस का फायदा पहुंचते हुए हम ने अपनी आंखों से देखा हैं । ट्रकों में लदे हुए अनाज की बोरियों को हम ने गरीबों में बंटते हुए देखा हैं । यह यकीनन हो सकता है कि उस का सौ फीसद फायदा गरीब को न पहुंचे,लेकिन सौ फीसद फायदा नहीं पहुंचेगा,जीरो फीसद होगा और नुकसान होगा,यह कहना सहीं नहीं हैं ।

हमें एक बात और भी सोचनी होगी कि महंगाई पर हमारा कब्जा हो,कंट्रोल हो तो क्या सिर्फ गेहूं सस्ता कर देने से महंगाई पर कंट्रोल हो जाएगा ? चावल सस्ता कर देने से महंगाई पर कंट्रोल हो जाएगा ? हमें यह भी देखना होगा कि गेहूं खाने वाला व्यक्ति पहनता क्या हैं ? उस के पैर में जूते किस चीज के होते हैं ? उस का बाप जिंदा है या नहीं ? क्या वह बीमार हैं ? उस की मां जिंदा है या नहीं या वह बीमार हैं ? उस की मां मर गयी है तो उसे कफन चाहिए उसे शमशान में जलाने के लिए लकड़ी चाहिए । उसे दफन करने के लिए पटरे चाहिए,कपड़ा चाहिए उस की कब्र को खोदने वाला एक मजदूर चाहिए । महोदया,यह एक बहुत लंबी जिंदगी का प्रोससे है जोकि पैदा होने से लेकर जिंदगी के आखिरी दिन तक है । वह सिर्फ गेंहू और चावल ही नहीं हैं,कपड़ा भी हैं । वह चश्मा भी है जो वह अपनी नजर पर लगाता है । उस के बच्चे के जूते हैं,स्कूल की फीस है,उस की किताबें हे,दवाइयां है और न जाने जिंदगी की कितनी खुशियां और गम हे जो कि महंगाई के साथ जुड़ी हुई है । उस की तरफ हमारी निगाह नहीं जाती है ।

महोदया,उत्तर प्रदेश इस देश का दिल है । वह बहुत बड़ा प्रदेश हैं । हम बड़े गर्व के साथ कहते हैं उत्तर प्रदेश में रहनेवाले कि उत्तर प्रदेश देश का सब से बड़ा राज्य हैं । पाकिस्तान से बड़ी उस की आबादी है और न जाने कितने दुनिया के मुमालिक हैं जिन से बड़ा हमारा उत्तर प्रदेश हैं । लेकिन क्या हमें आज यह सोचने का भी वक्त नहीं है कि वहां के राज्यपाल ने गरीबों केसाथ अभी चंद दिन पहले क्या किया है ? यह मैं इसलिए कह रहा हूं कि यह सदन सक्षम है फैसला करने के लिए,बराबर का सदन सक्षम हैं फैसला करने के लिए कि राज्यपाल चुना हुआ व्यक्ति नहीं होता हैं । राज्यपाल जनता के एहसासा का हिस्सा होता हैं और अगर राज्यपाल कोई गलत काम करता है तो उस की पूरी परछाई केन्द्र सरकार पर पड़ती है और केन्द्र के मुखिया पर लोगों की उंगली उठती है । महोदया,अभी चंद रोज पहले एक नादिरशाही हुक्म जारी हुआ है । महोदया,अब कौन जाता है सरकारी अस्पताल ? डाक्टर का बेटा नहीं जाता,इंजीनियर का बेटा नहीं जाता और यहां तक कि क्लर्क और चपरासी का बेटा भी अस्पताल नहीं जाता है । अस्पताल जाता है कपड़ा मिल में काम करने वाला मजदूर,सूत के रेशे से जिसे टी.बी.हो जाती हैं । अस्पताल जाता है बीड़ी बनाने वाला मजदूर,निकोटिन की खुशबू से जिसे केंसर हो जाता है,टी.बी.हो जाती है । वहां जाता है रिक्शा चलानेवाला,जिस के फेफड़े नहीं रहते रिक्शा चलाते-चलाते । वहां जाता है पत्थर तोड़नेवाला,झल्ली ढोनेवाला जिस के फटे हुए कपड़े होते है और जिस्म से बदबू आती है । ऐसे लोग जाते हैं सरकारी अस्पताल और अगर ये सच्चाई नहीं होती हो फिर हमारे शहरों और हमारी बस्तियों में बने हुए प्राइवेट क्लीनिक उस का सबूत नहीं दिया करते । लेकिन वह अस्पताल हैं जहां एक रूपया फीस देते हुए भी कमर दोहरी हो जाती है गरीब की । जहां एक्सरे के दस रूपए देने की हिम्मत न हो गरीब की वहां उस की फीस को तीन गुना/चार गुना कर दिया जाता है । जहां फ्री दाखिला हो,वहां फीस कर दी जाए । टी.बी.के मरीज को बलगम की जाचं कराने के लिए 30 रूपए देने पड़े ।

अपने खून की जांच कराने के लिए पैसे देने पड़े । तो यह कोई इंसान नहीं है । महोदया,इन सवालों पर भी अगर हम गौर नहीं करेंगे तो मैं समझता हूं राष्ट्रपति जी के अभिभाषण पर हमारी नजर पूरी तरह नहीं जाएगी ।

महोदया,बड़ी फिक्र होती है कि हमारे देश में जराईन बढ़ते हैं । आज हमारा नौजवान जो फिल्मे देख रहा हैं वह भी इस के लिए एक कारण हैं । हमारे मंत्री जी यहां नहीं है जिन का विभाग हैं उड़ने का,घूमने का और रंगरेलियों का,वह यहां तशरीफ नहीं रखते हैं । वैसे भी नहीं रखते हैं । जिस तरह के प्रोग्राम हम टेलीविजन पर देते हैं,क्या उससे हम एक अच्छा समाज बना पाएंगे,क्या उससे हम अच्छे कल का सपना देख पाएंगे,क्या हम अपनी बच्चियों और बच्चों को एक अच्छा हिन्दुस्तान दे पाएंगे ? टेलीविजन पर आने वाली फिल्में और प्रोग्राम ऐसे हैं,जिनमें बैंकों को लूटने के तरीके,किस तरह रैंप किया जाए या किस तरह कत्ल किया जाए और मुजरिम न पकड़ा जाए,इस तरह के प्रोग्राम हैं । इनके बजाया हम इन चीजों को बदलने वाली कुछ प्रोग्राम हैं । इनके बजाय हम इन चीजों को बदलने वाले कुछ प्रोग्राम दें । इसकी बुनियादी बवज यह है कि हमारे नौजवान डिग्रियां लेने के बाद नौकरी नहीं पाता हैं । इसमें भी कोई शक नहीं कि कोई भी सरकार सारे डिग्री हासिल करने वाले लोगों को नौकरियां नहीं दे सकती,लेकिन सरकारों के पास ऐसे प्रोग्राम होने चाहिए,जिससे अनएम्पलायड यूथ को काम मिल सके,बैंको से उसे कर्जे मिल सकें,ऐसी स्कीम हो जिससे उन्हें पैसा मिल सके । होता वहीं है,जैसे अभी चर्चा चल रही थी हवाला में पकड़े जाने वालों की,ठगी मे पकड़े जाने वालों की । हमारे यहां यूरिया स्कैण्डल एक ऐसा स्कैण्डल हैं,जिनके बारे में कई विदशी मैगजीनों में भी पढ़ने को मिला । वे लोग कहते हैं कि हमने ऐसा किस्से कहानियों में भी नहीं सुना था कि जिसका कोई दफ्तर न हो,जिकसा कोई ट्रक न हो,जिसका कोई दफ्तर न हो,जिसका कोई ट्रक न हो,जिसका कोई कागज न हो,लाखों टन यूरिया मुल्क में आए और उसका इस्तेमाल भी हो जाए । ऐसे जिस देश में स्कैण्डल होते हों,उसका क्या कहना । जहां करोड़ों रूपया,दस,बीस,तीस करोड़ रूपया किसी शख्स के बिस्तर पर बिछा हो,मैंने तो हंस कर कहा था कि जब एक मंत्री जी के घर से इतना पैसा निकले,अगर उन्हें मेरा नाम याद होता तो मेरा नाम ले लेते,मैं उससे इंकार नहीं करता क्योंकि हद से हद यही तो होता कि इन्कम टैक्स डिपार्टमेंट वाले मुझसे इन्कम टैक्स उसका 40/50/60 परसेंट,जितना चाहते ले लेते,लेकिन बाकी पैसा तो मेरे लिए बच जाता । जहां देश के मंत्री इतनी बड़ी रकम के बारे में यह कहें कियह रकम मेरी नहीं है,वह देश के नंगों का नहीं हो सकता,वह देश गरीबों का नहीं हो सकता,वह देश भूखों का नहीं हो सकता,वह देश लुटेरों का देश हो सकता है । उस देश में कुछ लुटेरों ने इस सोने की चिड़िया को बिल्कुल एक ऐसी पीतल की चिड़िया बना दिया है,जिस पर आप कितना ही ब्रास या पालिश लगाइए,उस पर चमक आने वाली नहीं हैं ।

महोदय,पंजाब के चुनाव हुए । यह जाहिर है कि पंजाब देश का एक ऐसा सूबा हैं,जो खुश हाल है । इसी सूबे से बिगड़े हुए हालात का रिफलेक्शन जब पूरे मुल्क में हुआ था और मेनका गांधी जब पीलीभीत से चुनाव लड़ी थीं तोनफरत फैलाने वाले लोगों ने एक नारा दिया था,जिस तरह कभी हमारे बहुत अच्छे साथी,बी.जे.पी.के लोगों ने कुछ नारे दिए थे,उसी तरह एक नारा पीलीभीत में लगा था-"बेटी एक सरदार की,देश के गद्दार की " । नारों के लिए यह देश हमेशा मशहूर रहा हैं । कुछ सोशलिस्टों ने भी बड़े अच्छे अच्छे नारे दिए- "ससोपा ने बांधी गांठ,पिछड़े पाचं सौ में साठ" । नारों का तो यह देश रहा हैं ।" बच्चा बच्च्ज्ञ राम का,कुर्बानी के काम का," "राम का बदला लेना है,बाबर की औलादों से" । अब मैं नाम नहीं लेता,आपोजीशन के लीडर साहब हमारे बुजुर्ग हैं,आप जब उर्दू बोलते हैं,कि सच कहता हूं कुछ लोगों के मुंह से उर्दू बोलते सुनकर अच्छा लगता हैं । एक बार जाकि साहब से तालीम-इलमी के जमाने में मिलने का मौका हुआ । जब मैंने उन्हें बोलते हुए सुना तो ऐसा लगता था कि उनके मुहं से अलफाज नही,फूल झड़ते हों । यकीनन आप जब उर्दू बोलते हैं तो लगता है कि कोई उर्दूदां बोल रहे हैं,लेकिन जब आपके जेहन पढ़ते है तो फिर आप ही के जेहन पर अफसोस नहीं होता बल्कि अपनी तकदीर पर भी अफसोस होता है । नाम आपका हमारे लिए किस कदर खुशबख्त है और हमारी बदबख्ती यह है कि बाबरी मस्जिद ,जो कि एक वक्फ है,आप उसे कुछ कहिए,आप उसके बारे में कोई रामे न रखें,लेकिन आज की तारीख 4 बजकर 17 मिनट पर उत्तर प्रदेश सरकार का एफिडेविट हिन्दुस्तान की अदालत में हैं कि 22/23 दिसंबर,1949 की रात शरपंसदों ने सीढ़ी लगाकर मस्जिद में दाखिला लिया,मूर्तिया स्थापित कर दी और मस्जिद को नापाक कर दिया । पंडित जवाहर लाल नेहरू जी का खत है,उस जमाने के गृहमंत्री जी का खत हैं कलेक्टर के नाम,कि यहां से मूर्तियां निकाली जाएं,इसे मस्जिद की शक्ल दी जाए,नमाज कायम की जाए क्योंकि हम दुनियां को मुंह दिखाने की हैसियत में नहीं हैं । यहां मैं जो बात कर रहा हूं आपसे,यह कोई जज्बाती बात नहीं है । मेरे लिए यह मामला आस्था का हो सकता हैं या नहीं हो सकता है लेकिन यह सदन

क्योंकि दस्तूर से बनाया हुआ सदन है ,इसलिए मैं समझता हूं कि यहां न तो कोई मुसलमानों से,न हिन्दुओं से,न सिख-ईसाइयों से,धर्म से ताल्लुक रखने वाला कोई निशान,कोई तस्वीर नहीं है । लेकिन मैं उन्हें,जो इस देश को धर्म के नाम पर तोड़ना चाहते है,जो इस देश में मज़हबी इबादतगाहों को अपनी आस्था के नाम पर गिरा देना चाहते हैं,यह बता देना चाहता हूं कि बाबरी मस्जिद का मुकदमा उनकी निगाह में धर्म का हो सकता है,आस्था का हो सकता है लेकिन मेरी निगाह में यह मामला आज की तारीख में इसवक्त होई कोर्ट में लगे हुए उस हलफनामे के लिए है,जो उत्तर प्रदेश की सरकार ने लगा रखा है कि यह मस्जिद है । इसलिए हम इसे कानून का मुल्क मानते हैं । अभी शास्त्री जी,जो यहां के एक बहुत ही सुलझे हुए,शरीफ और बड़े ही अच्छे व्यक्तियों में से हैं ,बोल रहे थे,मैं उनको सुन रहा था । जब आप जैसे बुजुर्ग व्यक्ति ने संविधान की बात की तो मुझे संविधान के आपके इस जुमले में आपका पूरा व्यक्तित्व 6 दिसम्बर की तारीख सा कैलेंडर पर लटका हुआ नज़र आया । उस दिन जब संविधान की धज्जियां उड़ रही थी,आपके उस प्रदेश के मुख्य मंत्री ने सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा दिया था कि हम बाबरी मस्जिद की रखवाली करेंगे,सुरक्षा परिषद में भी आपने यही वादा किया था, लेकिन इस सारे वादों की जब आपने ...(**व्यवधान**)..

श्री विष्णु कान्त शास्त्री: मैडम मैं इस पर बोलना चाहता हूं ।

उपसभाध्यक्ष(श्री मती कमला सिन्हा): बैठिए,बैठिए ,बैठ जाइए ।

श्री विष्णु कान्त शास्त्री: मेरा नाम लिया गया हैं,मैं इस पर बोलना चाहता हूं ।

उपसभाध्यक्ष(श्री मती कमला सिन्हा): नाम लेने से कुछ नहीं होता हैं ।

श्री विष्णु कान्त शास्त्री: मैं सिर्फ यह कहना चाहता हूं । ...(**व्यवधान**)..

उपसभाध्यक्ष(श्री मती कमला सिन्हा): बैठिए । कृपया शांत रहिए ।

श्री सिकन्दर बख्त: आप सब लोग,मेहरबानी से,न बोलिए,मैंने उनसे दरख्वास्त की है बैठने के लिए हम बहुत राव के साथ सुन रहे हैं अपने अज़ीज़ को

†**شری سکندر بخت:** آپ سب لوگ مہربانی کر کے ۔ نہ بولئے۔ میں نے ان سے درخواست کی ہے بیٹھنے کیلئے۔ ہم بہت صبر کے ساتھ سن رہے ہیں اپنے عزیز کو۔

श्री मोहम्मद आज़म खान: मैंने यह बात इसलिए कहीं कि शास्त्री जी ने धर्मनिरपेक्ष और पंथनिरपेक्ष की बात कहीं हैं । मुझे इसमें कोई आपत्ति नहीं है कि धर्मनिरपेक्ष लफ्ज लिखा जाए या पंथनिरपेक्ष लफ्ज लिखा जाए,लेकिन आपत्ति इस बात पर है कि आपको धर्मनिरपेक्ष पर आपत्ति क्यों हुई ? उसमें हमं आपके जहन,आपकी सोच पढ़ने का मौका मिला । ऐसा लगा कि आप दूसरे धर्मा से नफरत करते है और हैरत इस बात पर हुई कि हमारे बख्त साहब, जो कि अपोजीशन के लीडर भी है यहां,उन्हें खुद ही कुछ चीजें ऐसी है जो कुबूल नहीं करनी चाहिए थीं । मैंने बात को कुसदन वक्फ के नाम से शुरू की और वह इसलिए कि कुरान,जो कि मुसलमानों के लिए आसमानी किताब है और वे उसके एक-एक लफ्ज को सच्चा मानते हैं । कुरान ने यह बताया है कि वक्फ क्या है और अल्लाह ने यूं कहा है कि ये चीज़ें,जो वक्फ हैं,उनका मालिक मैं हूं और जिन चीजों का मालिक अल्लाह हो जाए,उनके बारे में सुधार की बात करने वाला भी अल्लाह को मानने वाला होना चाहिए । हैरत है,सिकन्दर बख्त साहब,वक्फ की जायदादों पर बनी कमेटी के आप चेयरमैन हैं । आपको कहां से,अखलाकी तौर पर भी यह हक नहीं कि आप और आपकी पार्टी ,जो बाबरी मस्जिद को शहीद करने वाली हो,सूरत की सड़कों पर बहन-बेटियों को नंगा करके नचवाने वाली हो,इंसानों का कत्लेआम करने वाली हो,उनके घरों को जलाने वाली हो,आप,जो मस्जिदों को गिराने में यकीन रखते हों,मस्जिदों को गिराकर आप यह समझते है कि आपने पार्टी के साथ बहुत बड़ी वफादारी का काम किया है,आप अगर सदन की बनाई हुई कमेटी के अध्यक्ष बनते है तो इससे ज्यादा अफसोस की और निन्दा की बात दूसरी और क्या हो सकती हैं ।

श्री सिकन्दर बख्त: सदर साहिबा दखल देने का मेरा कोई इरादा नहीं था लेकिन ज़ातियात पर उतरना कुछ

† [ ]Transliteration in Arabic Script.

हद से ज्यादा गुज़र गया है । अब हम कहां तब सब करें,कहां तक बर्दाशत करें ? मेरा कहना यह है कि जिस किसी मौजू को सामने रखकर हमारे मोहतरम भाई बोल रहे हैं,बोलें,लेकिन ज़ातियात पर हद से ज्यादा उतरना,सहीं नहीं है । कहां तक उतरना चाहते हैं ? वह क्राबलियत का सबूत दे रहे हैं या वाक्रफियत का सबूत दे रहे हैं ? जिस मौजू पर,जिस विषय पर आप बोल रहे हैं,उसी पर बोलें तो ज्यादा अच्छा हैं ।

†**शरी सकदर बखत:** صدر صاحبہ ، دخل دینے کا کوئی میرا کوئی ارادہ نہیں تھا لیکن ذاتیات پر اترنا کچھ حد سے زیادہ گجر گیا ہے۔ اب ہم کہا تک صبر کریں، کہاں تک برداشت کریں؟ میرا کہنا یہ ہے کہ جب کسی موضوع کو سامنے رکھکر ہمارے محترم بھائی بول رہے ہیں، بولیں، لیکن ذاتیات پر حد سے زیادہ اترنا صحیح نہیں ہے۔ کہاں تک اترنا چاہتے ہیں؟ وہ قابلیت کا ثبوت دے رہے ہیں یا واقفیت کا ثبوت دے رہے ہیں؟ جس موضوع پر، جس و شے پر آپ بول رہے ہیں، اسی پر بولیں تو زیادہ اچھا ہے۔

श्री मोहम्मद सलीम(पश्चिमी बंगाल): मैडम ,मैं एक प्वाइंट फार इन्फारमेशन कह रहा हूं कि जो कमेटी बनत है सदन की और उसके जो चेयरमैन बनते हैं,उसको हमारे चेयरमैन साहब नामिनट करते है,इसलिए उसको अगर हम हाऊस में चर्चा का विषय न बनाएं तो ज्यादा ठीक रहेगा ।

†**شری محمد سلیم:** میڈم۔ میں ایک پوائنٹ فار انفارمیشن کہہ رہا ہوں کہ جو کمیٹی بنتی ہے سدن کی اور اسکے جو چیر مین بنتے ہیں، اسکو ہمارے چیر مین صاحب مامینیٹ کرتے ہیں، اسلئے اسکو اگر ہم ھاؤس میں چرچا کا و شے نہ بنایئں تو زیادہ ٹھیک رہے گا۔

श्री सिकन्दर बख्त: ज़ातियात पर उतरने का कोई मतलब नहीं है । कहां तक उतरना चाहते हैं ? हम बहुत खामोशी से बैठे हैं ।....(**व्यवधान**)...

†**شری سکدر بخت:** ذاتیات پر اترنے کا کوئی مطلب نہیں ہے۔ کہاں تک اترنا چاہتے ہیں؟ ہم بہت خاموشی سے بیٹھے ہیں۔..."مداخلت"...

श्री मोहम्मद आज़म खान: सलीम साहब,मैं यहां नया जरूर हूं,मैं इस मैदान में बहुत पुराना हूं,आपकी उम्र से ज्यादा का हूं ।

उपसभाध्यक्ष(श्री मती कमला सिन्हा): आज़म साहब,इस सदन की क पंरपरा हैं । समितियां इस सदन के चेयरमैन बनाते हैं,इसके बारे में आप कोई ज़िक्र न करें तो अच्छा है । आप अपनी बात कहें लेकिन उसका ज़िक्र न करें ...(**व्यवधान**)

श्री त्रिलोकी नाथ चतुर्वेदी: फिर तो आपको इतिहास दोहराना पड़ेगा ...(**व्यवधान**)

उपसभाध्यक्ष(श्री मती कमला सिन्हा): आप बैठ जाइए । आज़म साहब,आपके दल के पास 28 मिनट का समय है । आपने 3 बजकर 58 मिनट पर बोलना शुरू किया था,अब आपका समय बहुत कम रह गया है । इसलिए आप संक्षेप में अपनी बात कहें । अब आप अपनी बात खत्म करने की कोशिश करे । आपका एक मिनट का समय और बचा हैं ।

श्री मोहम्द आज़म खान: उपसभाध्यक्ष महोदया,मेरी मंशा किसी के ज़ाती ज़ज़बात को दुखाने की नहीं थी और न हैं । हम तो खुद ऐसे दु:खी लोग है जिन्होंने कुछ दिन पहले यह सोचा था कि मालूम नहीं अब हिंदुस्तान में रहने वाले कुछ करोड़ लोगों को इस मुल्क में रहने दिया जाएगा या नहीं । लेकिन जब अंधेरा होता है और घुप्प अंधेरा होता है और मायूसी हर तरफ छा जाती हैं,कहींसे अगर कोई किरण नज़र आती है तो वह किरण करीब से नहीं,बहुत दूर अंधेरे से भी नज़र आ जाती हैं । इस मुल्क में फैले हुए अंधेरे में हमें कुछ किरण नज़र

†[ ] Transliteration in Arabic Script

आई और जम्हूरियत,इंसानियत,सेक्युलरिज्म,इंसानी रिश्तों में यकीन रखने वाले कुछ लोग खड़े हुए,जिनका धर्म इस्लाम नहीं था,वे हिंदु थे और उन्होंने कोशिश की कि इस मुल्क को बचाया जाए । इस मुल्क में रहने वाला कोई शख्स अब न तो सरहदों के बाहर फेंका जा सकता है,न किसी के लिए पनाह समुंदर हो सकता है या आग हो सकती है और न ही आज के इस युग में यह नारा फलीभूत हो सकता है कि "तुम्हारा पाकिस्तान या कब्रिस्तान" ।

इसलिए मैं कहता हूं कि आपकी मायूसी से मेरा दिल दुख सकता था लेकिन हम तो इतने मायूस रहे हैं कि हम उस मायूसी की सरहदों को पार कर चुके हैं । अगर आपको उस दर्द का अहसासा होता,आपने उन तकलीफों को देखा होता,उन लुटती हुई अस्मतों को देखा होता और न बरबाद खानदानों तक आपकी पहुंच होती जिनमें किसी की मां नहीं रही,किसी का बेटा नहीं रहा,किसी का शौहर नहीं रहा,किसी का बाप नहीं रहा तो,यकीनन आपयह नहीं कह सकते थे । जब 6 दिसंबर को साढ़े तीन सौ मकानात नज़रे-आतिश किए गए,जलाए गए तो एक साध्वी जी ने कहा कि रोशनी हो गई । मकानों को जलाकर अंधेरे की तरफ से रोशनी का आदेश हुआ । एक डेढ़ बरस का बच्चा जलते हुए मकान से घुटनों के बल बाहर निकला ...(**व्यवधान**)

श्री नरेन्द्र मोहन: मैडम,क्या यह राष्ट्रपति जी के अभिभाषण पर बात हो रही हैं ? मेरा प्वांट ऑफ ऑर्डर है ...(**व्यवधान**))

Madam, I am on a point of order. Point of order. Point of order...*(Intenuptions)...* श्री लक्खीराम अग्रवाल: महोदया, *

उपसभाध्यक्ष (श्रीमती कमला सिन्हा): आप लोग बैठ जाइए ...(**व्यवधान**)आप मेहरबानी करके बैठ जाइए ....(**व्यवधान**)Nothing is going on record.

SHRI NARENDRA MOHAN: Madam, I have the right to raise a point of order...*(Interruption)....*

THE VICE-CHAIRMAN (SHRIMATI KAMLA SINHA): No point of order. बैठ जाइए,बैठ जाएं ईश दत्त जी । ...(**व्यवधान**)

कांइडली टेक योर सीट । ....(**व्यवधान**)विरोधी दल के नेता खड़े हैं,आप बैठिए । ...(**व्यवधान**)आप लोग तो बैठिए,बैठिए-बैठिए । मोहम्मद सलीम, टेक योर सीट ।

श्री सिकन्दर बख्त: सदर,साहिबा,मैं सिर्फ इतना कह रहा हूं कि राष्ट्रपति के एड्रेस पर वोट आफ थैंक्स पर बहस है और यह भी हो सकता है कि उसमें अयोध्या का ज़िक्र आए । लेकिन ज़िक्र आए उसके बाद तकरीर दूसरी मौजूओं तक पहुंच जाए और फिर उसके बाद हम लौटकर वहीं आ जाएं और सिवाएं इशतियाल अंग्रेजी के और कुछ नहीं है । क्या दुरूस्त है ? उसको भी तो रोकिए । यह लोग तो बहुत देर से खामोश बैठे हुए हैं,हम भी खामोश बैठे हुए हैं । मैंने अपने एक अज़ीज साथी का इरादत्तन बिठा लिया कि अच्छा है दिल का भड़ासा निकल जाए । लेकिन कहां तक जाना है इसको । आखिर कहीं तो रूकना चाहिए । हम लोग बहुत बर्दास्त से बहुत खामोशी से सुन रहे हैं । लेकिन इसकी इंतहा क्या होनी है,यह तो हमको बतला दीजिए । हद हो गई हैं ।

†**شری سکندر بخت**: صدر صاحبہ۔ میں صرف اتنا کہہ رہا ہوں۔کہ راشٹرپتی کے ایڈریس پر ووٹ آف تھینکس پر بحث ہے اور یہ بھی ہو سکتا ہےکہ اس میں ایودھیا کا ذکر آئے۔ لیکن ذکر آئے اسکے بعد تقریر دوسری موضوتک پہنچ جائے اور پھر اس کے بعد ہم لوٹ کر وہیں آ جائیں اور سوائے اشتعال انگریزی کے اورکچھ نہیں ہے۔کیا درست ہے۔ اسکو بھی تو روکئے۔ یہ لوگ تو بہت دیر سے خاموش بیٹھے ہوئے ہیں' میں نے ایک عزیز ساتھی کا ارادتا بیٹھا لیاکہ اچھا ہے دل کا بھڑاس نکل جائے۔لیکن کہاں تک جانا ہے اسکو۔

*Not recorded.

† [ ] Transliteration in Arabic Script.

آخر کہیں تو رکنا چاہیئے۔ ہم لوگ بہت برداشت سے ۔بہت خاموشی سے سن رہے ہیں، بہت عزت کے ساتھ اور احترام کے ساتھ سن رہے ہیں۔ لیکن اسکی انتہا کیا ہونی ہے، یہ تو ہم کو بتا دیجئے۔ حد ہوگئی ہے۔

उपसभाध्यक्ष(श्रीमती कमला सिन्हा): आज़म खान जी,अब आप समाप्त करें । आपका समय समाप्त हो गया है । अगर समाप्त करना हो तो एक मिनट में समाप्त करें । ...(**व्यवधान**)

मोहम्मद आज़म खान: मैडम् मैं दरसल धर्मनिरपेक्ष और पंथनिर्पेक्ष पर ही बोल रहा था,मैं राष्ट्रपति जी के अभिभाषण पर ही बोल रहा हूं और मैं जानता हूं कि हमारे विपक्ष के नेता बहुत विद्वान हैं....(**व्यवधान**)

उपसभाध्यक्ष(श्रीमती कमला सिन्हा): आपका समय समाप्त हो गया है,माफ करें । अगर कांक्लूड करना है तो एक मिनट में कांक्लूड करें ।

मोहम्मद आज़म खान: मैं यह कहना चाहता था कि इन सारे सवालों से इस देश के बहत से लोग ऐसे भी जुड़े हुए हैं । जो बहुत कमजोर हैं,जो बहुत पिछड़े हैं,जो बहुत दलित है । दलित का मतलब सिर्फ यह नहीं है कि एक धर्म के मानने वाले ही लोग दलित है,बल्कि मुसलमान दलित,सिख दलित और दूसरे धर्मो में रहने वाले दलित उन्हें भी इस मुल्क में बराबर जीने,फलने-फूलने,खुशहाल रहने का हक होना चाहिए और उसके लिए हम सब मिलकर करप्शन के खिलाफ लड़ें,लाकानुनियत के खिलाफ लड़े,क्रिमनलाइलेशन के खिलाफ लड़ें तो यह देश सहीं रास्ते पर जा सकता हैं । मैं अपना भाषण,अपनी बात इस अर्ज और इस माज़रत के साथ खत्म करता हूं कि जो लोग इस मुल्क में रह कर भी इस मुल्क को फर्गसजम के रास्ते पर ले जाना चाहते हैं दरसल उनसे भी हम जैस लोगों की समाजवादियों की बुनियादी लड़ाई हैं । हमें यही तय करना है कि इस देश का सही रास्ता क्या होगा ।

क्या इस देश का रास्ता यह होगा कि सड़क पर चलने वाले शख्स के पेट में छुरा भोंक दिया जाए ? उसका घर जला दिया जाए ? उसकी इबादतगाहें लूट ली जाएं या इस देश में जो भी राजनीतिक या सामाजिक लोग होंगे,वे इस सवाल का जवाब देंगे कि भूखे को रोटी कैसे मिले? बरह्न: जिस्म को कपड़ा कैसे मिले ? जिसके पास रहने को मकान नहीं है,उसे मकान कैसे मिले ? जिसके पास नहीं है उसे काम कैसे मिले ? इन दो सोचों के बीच लड़ाई हैं । अब देखना यह है कि इस लड़ाई में कौन जीतेगा और कौन हारेगा ? इस संघर्ष में आखिर फतह किसकी होगी ?लेकिन हमें उम्मीद हैं और उम्मीद इसलिए हैं कि जहां से बीच में मैंने अपनी बात शुरू की थी कि मायूसी और अंधेरे के उस दौर में कोई मुसलमान आगे बढ़ कर नहीं आया । आज के जमाने में डॉ.ज़ाकिर हुसैन नहीं है,डॉ असारी नहीं है मौलाना अबुल कलाम आज़ाद नहीं है,मौलाना मोहम्मद अली जौहर नहीं है,मौलाना शौकत अली नहीं है,हसरत मोहानी नहीं है,लियाकत अली नहीं है,ये सारे लोग नहीं है और इनके नहीं रहते हुए भी इस मुल्क में कुछ लोग ऐसे है जो धोती पहनते हैं,कुर्त्ता पहनते हैं,तिलक लगाते हैं,वे राम के भक्त भी हो सकते हैं,वे कृष्ण के भक्त भी हो सकते हैं । वे बहुत लंबे कद के न हों उनका कद बहुत छोटा हो सकता है लेकिन वे धोखा नहीं देते समाज को । वे अगर रोज़ी-रोटी से लोगों को जोड़ने की बात करते हैं तो चाहे उर्दू के नाम पर लोगों को रोज़ो-रोटी देनी पड़े वे हज़ारों खानदानों को जीने का नया रास्ता दिखाते हैं । वे पहली बार उत्तर प्रदेश में किसान पेंशन योजना लागू करते हैं । ...(**व्यवधान**)...

श्री विष्णु कान्त शास्त्री: मैडम् एक मिनट पूरा हुआ या नहीं ? ....(**व्यवधान**)....

उपसभाध्यक्ष(श्री मती कमला सिन्हा): आप लोग शांत रहे ...(**व्यवधान**)..आप समाप्त करें ।

श्री मोहम्मद आज़म खान: मैडम् ,मैं इसी बात पर अपनी बात समाप्त करता हूं कि वह दिन दूर नहीं ...(**व्यवधान**)...

श्री विष्णु कान्त शास्त्री: मैडम्,आखिर समय की कोई सीमा है या नहीं,यह मैं आपसे जानना चाहता हूं ।

श्री मोहम्मद आज़म खान: वह कल दूर नहीं हैं,यह आपका अधिकार हैं । ...(**व्यवधान**)....

उपसभाध्यक्ष(श्री मती कमला सिन्हा): मैंने उनको समाप्त करने के लिए कह दिया है । आप समाप्त कीजिए ।

श्री मोहम्मद आज़म खान: उपसभाध्यक्ष महोदया,मैं नहीं समझता हूं कि आपके अधिकार को हम में से कोई भी चैलेंज कर सकता हो और आपको कोई डायरेक्टिव यहां से जारी हो सकता हो कि आप किसको

बोलने देंगी और किसको नहीं बोलने देंगी आप कितना बोलने देंगी,यह अधिकार हमारा नहीं हैं ।

[उपसभाध्यक्ष(श्री मोहम्मद सलीम) पीठासीन हुए]

यह आपका विवेक है कि आप किसको बोलने दें । लिहाज़ा इस पीठ से मुखातिब होते हुए मैं इतना कहना चाहता हूं कि हम नाउम्मीदी के दौर से गुज़रे थे और उसी नाउम्मीदी के दौर में हमें जो उम्मीद की एक किरण नज़र आई थी,उस किरण से ही मैंने पहले भी इस सदन में कहा था कि अगर किसी की जेब में एक फसाद की माचिस है,उसकी एक तीली से वह समाज के किसी एक छप्पर को अगर जलाने का काम करता है तो उस छप्पर से मिले हुए इस मुल्क में 90 करोड़ छप्पर हैं,वे सब जल जाएंगे,पूरा देश जलकर खाक हो जाएगा लेकिन यह भी हो सकता है कि उसकी जेब में जो तीली रखी है,उससे वह एक शमा रोशन करे और उस शमा से 90 करोड़ शमाएं रोशन हों और पूरा अंधेरा हिन्दुस्तान जगमगा उठे ऐसी ही शमा और ऐसी ही कल की उम्मीद में हम समझते है कि इन फासिस्टों की करारी हार होगी,समाजवाद सत्तामें आएगा और समाजवाद ही इस देश का कल बनेगा,धन्यवाद ।

नरेन्द्र मोहन: उपसभाध्यक्ष जी,आपकी बड़ी कृपा है कि आपने मुझे अंततः बोलने का समय दिया । मैं जिस प्वाइंट ऑफ आर्डर को उठाना चाहता था,मैं केवल,यहीं कहना चाहता था...

उपसभाध्यक्ष(श्री मोहम्मद सलीम): एक मिनट ज़रा ठहरिए । नरेश यादव जी,आप क्या कह रहे हैं ।

श्री नरेश यादव: जहां तक मुझे याद है,मुझे बताया गया था कि समाजवादी पार्टी के बाद जनता दल के बोलने की बारी हैं ।

उपसभाध्यक्ष(श्री मोहम्मद सलीम): मैं लिस्ट के मुताबिक बुला रहा हूं । अभी नरेन्द्र मोहन जी बोलेंगे,उसके बाद आप बोलेंगे ।

श्री नरेन्द्र मोहन: मान्यवर,मैं आपका आभारी हूं कि आपने मुझे समय दिया । बड़ी उम्दा तकरीर शायद आज़म साहब ने दी है,उसकी मैं क्या कहूं ? अच्छा,होता कि राष्ट्रपति के अभिभाषण पर बात होती । ...(**व्यवधान**)...

श्री ईश दत्त यादव: तारीफ की हैं ।

श्री विष्णु कान्त शास्त्री: आग लगाने वाली माचिस है और इसे आप तारीफ कहते हैं ?

उपसभाध्यक्ष(श्री मोहम्मद सलीम): अरे,आप ही की पार्टी के लोग बोल रहे हैं ।

श्री नरेन्द्र मोहन: अफफोस यह है कि उन्होंने हिन्दू-मुसलमान की बात की । अफसोस है कि उन्होंने एक ऐसा भाषण दिया राष्ट्रपति के अभिभाषण पर जिससे कि जज्बात भड़कें,मुल्क में बात लोगों तक पहुंचे कि नंगी औरतें घुमाई गई थी,बलात्कार किया गया,डेढ़ साल के बच्चे...ऐसी-ऐसी बातें जिनको सुन कर अफसोस होता है कि उनका राष्ट्रपति के अभिभाषण से कुछ भी लेना-देना नहीं है । अफसोस इस बात का है कि उन्होंने उस जमाने की बात भी की जब देश आजाद हुआ था । उस जमाने के हिन्दु-मुसलमानों की बात भी कर डाली । काश उन्हें मालूम होता,जब देश आजाद हुआ था तो पाकिस्तान में लगभग साढ़े तीन करोड़ हिन्दु थे और आज वहां पर एक करोड़ हिन्दु भी नहीं है । मुझे अफसोस है कि उनके लिए वह कुछ कह पाते,उन शरणाथियों के लिए जो कश्मीर से भगा दिये गये और अपने देश में शरणार्थी होकर रह रहे हैं । लेकिन मुझे उसकी बात नहीं करनी है । मुझे तो राष्ट्रपति जी के अभिभाषण पर बात करनी है । और मैं आपसे कहना चाहता हूं कि अगर विषय से हटकर बातें की जानी हैं,अगर भावनाएं भड़काकर उत्तेजना भड़काकर बातें की जानी है तो यह कोई भी कर सकता है,यह बड़ी आसान बात है । मुश्किल बात यह है कि राष्ट्रपति जी के अभिभाषण में कौन-सी बात सही हैं,कौन सी बात गलत है,आज के हालात में देश का क्या होना चाहिए,उस पर चर्चा हो तो शायद ठीक हो । मुझे इस बात का सख्त अफसोस है कि वर्तमान भारत सरकार ने राष्ट्रपति का जो अभिभाषण तैयार किया,वह झूठे आंकड़ों पर तैयार किया । मुझे इस बात का अफसोस है कि राष्ट्रपति जी के अभिभाषण के माध्यम से सही बातें देश को नहीं बतायी गयीं और इसीलिए जिसकी बैसाखी पर यह सरकार चल रही है,कांग्रेस सरकार,उसने भी इसकी आलोचना की हैं । मुझे अफसोस है कि राष्ट्रपति की यह विवशता है कि राष्ट्रपति जी को सरकार कुछ भी कहने के लिए दे दे,वह अपने सरकार के समर्थन में गलत-सही आंकड़े जरूर कहेंगे और गलत सही बातें स्वीकार करके अपनी ओर से कहें,यह भारतीय संविधान की कमजोरी है और मुझे इसबात का अफसोस है । जब कांग्रेस की सरकार थी तो हमारे राष्ट्रपति जी कांग्रेस की बात करते थे और जब संयुक्त मोर्चा की सरकार आयी जिसकी हरेक पार्टी के घोषणा पत्र में कांग्रेस की नीतियों की कड़ी आलोचना है,उसकी

उन नीतियों की तारीफ हमारे राष्ट्रपति जी करने लगे, यह भारतीय संविधान की कमजोरी हैं, पता नहीं ठीक हों पाएगी या नहीं । लेकिन राष्ट्रपति की तो विवशता हो सकती है, संसद की विवशता नहीं है कि यह गलत बातों को स्वीकार करे या राज्य सभा की विवशता नहीं है कि वह पाखंड को सहन करे । यह हमारी विवशता नहीं है । अगर हम ठंडे दिमाग से सोचें और देखें कि राष्ट्रपति के अभिभाषण में कितनी गलत बातें हैं, कितनी कमजोरियां है तो शायद जो मेरे साथी लोग भाषण की सराहना कर रहे हैं, जो धन्यवाद का प्रस्ताव ला रहे हैं, उन्हें वास्वतिकता की जानकारी हो जोयगी । राष्ट्रपति के अभिभाषण में इस बात का जोर दिया गया हैं कि संघीय ढांचे को सुदृढ़ करने की प्रतिबद्धता हैं । संघीय ढांचे को सुदृढ़ करने की बात उनके मिनिमम प्रोग्राम में भी कही गयी है । लेकिन जब हमें यह बात कही गयी तो कहा गया कि अनुच्छेद 356 को यथाशीघ्र हम हटा देंगे, हम उसमें परिवर्तन कर देगे और इसलिए परिवर्तन करेंगे कि कोई उसका दुरूपयोग न करने पाए । यह बात मिनिमम प्रोग्राम मे लिखी हुई हैं । वह मेरे पास हैं और मैं उन लफ्जों को पढ़कर सुनाना चाहूंगा । उसमे लिखा है कि –

> "The scope of article 356 has been interpreted and circumscribed by recent decisions of the Supreme Court, Article 356 will be amended to reflect the« decisions and to prevent the misuse of this article."

This has been recognised.

यह लिखने के बाद नौ महीने हो गये, उसमें क्या किया गया ? एक कमेटी बना दी गयी । कमेटी बनाने की बात तो इसमें नहीं लिखी गयी थी । अगर इस न्यूनतम साझा कार्यक्रम में कोई कमेटी बनाने की बात लिखी गयी होती,कोई पुनर्विचार करने की बात लिखी गयी होती तो बात समझ में आती थी । यह सरकार तो अपने वायदे से भी मुकर गयी,अपने न्यूनतम कार्यक्रम से भी मुकर गयी और इस पांखडी सरकार ने क्या किया कि धारा 356 का दुयपयोग करके उत्तर प्रदेश के चुने हुए विधायकों को आज तक शपथ भी नहीं लेने दी गयी है । इसी 356 के दुरूपयोग के बारे में,हमारे माननीय मंत्री श्री बेनी प्रसाद वर्मा जी बैठे हुए है,वह खुद पिछले दिनों अपने भाषणमें उत्तर प्रदेश में कह चुके हैं कि उत्तर प्रदेश में शासन की स्थिति ठीक नहीं है,वहां प्रशासन की स्थिति बिगड़ चुकी है,यह कह चुके हैं ।

यही नहीं हमारे देश के गृह मंत्री ने भी कहा है कि उत्तर प्रदेश में कोई शासन नहीं है । शासन और व्यवस्था नाम की वहां कोई चीज नहीं है । अब,काश इस सरकार को थोड़ी सी शर्म होती ,उनके अंदर थोड़ी सी ईमानदारी होती,थोड़ी सी नैतिकता होती तो जरूर इस पर कुछ न कुछ प्रतिक्रिया होती । आज उ.प्र.के गवर्नर की हिम्मत देखिए,उसने देश के गृह मंत्री ने बयान को ,सदन में दिए गए बयान को चुनौती दे दी और कहा कि मै उसकी परवाह नहीं करता । मेरी रक्षा तो तो प्रधानमंत्री कर रहे हैं । मुझे प्रधानमंत्री का विश्वास प्राप्त है । यह कैसी स्थिति इस देश की हैं ? क्या गृह मंत्री इतने कमजोर हो गए हैं ? उपसभाध्यक्ष जी,मैं जानता हूं कि गृह मंत्री और प्रधानमंत्री के बीच बहुत बातों में एकता नहीं है । दोनों में नाइत्तफाकी है । लेकिन इसका अर्थ यह नहीं होता कि सार्वजनिक रूप से हमारे देश के गृह मंत्री की इस तरह से बेइज्जती की जाए । हमारे देश के गृह मंत्री की इस तरह से छीछालेदर की जाए । इसकी आवश्यकता नहीं है । और वह भी कौन करे ? एक राज्यपाल करे । उसकी हिम्मत देखिए,उसकी जुबार देखिए। लेकिन उस भी सदन चुप है,मौन है । यह सदन मौन है और विशेषरूप से इस सदन का वह पक्ष मौन है जिसके हाथ में सत्ता हैं । इतनी बड़ी कमजोरी क्यों,यह नपुंसकता क्यों ? आज अगर सत्ता पक्ष की नपुसकता पर मैं प्रहार कर रहा हूं तो कोई गलत बात नहीं कर रहा हूं । यह देश के गृह मंत्री की प्रतिष्ठा की बात हैं । **...(व्यवधान)**...

संचार मंत्री(श्री बेनी प्रसाद वर्मा): क्या किसी राज्यपाल के आचरण पर हम यहां चर्चा कर सकते हैं ?

उपसभाध्यक्ष(श्री मोहम्मद सलीम): वह किसी के आचरण पर चर्चा नहीं कर रहे है । वे नपुंसकता की बात कर रहे हैं । ...**(व्यवधान)**...

श्री विष्णु कान्त शास्त्री: जो बातें राज्यपाल ने कही है ...**(व्यवधान)**..वे उस बात को कह रहे हैं ....**(व्यवधान)**...

उपसभाध्यक्ष(श्री मोहम्मद सलीम): शास्त्री जी,आप पुराने सदस्य है सदन के ....**(व्यवधान)**...

SHRI JOHN F. FERNANDES (Goa): Sir, this issue was raised during the Zero Hour by Syed Sibtey Razi. *(Interruption)*

श्री नीलोत्पल बसु(पश्चिमी बंगाल): शास्त्री जी आप इतने विद्वान आदमी है आपको ऐसे ....**(व्यवधान)**...

श्री विष्णु कान्त शास्त्री: उन्होंने वहीं कहा जा राज्यपाल...**(व्यवधान)**...

उपसभाध्यक्ष(श्री मोहम्मद सलीम)ः आपकी बात हो चुकी है....(**व्यवधान**)....

श्री नीलोत्पल बसु: नपुंसकता गलत शब्द हैं । इसका प्रयोग नहीं होना चाहिए । ...(**व्यवधान**)....

श्री शरीफ उद्दीन शारिक: *

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI MD. SALIM): This will not go on record. *(Interuptions)* Nothing will go on record.

श्री विष्णु कान्त शास्त्री: *

उपसभाध्यक्ष(श्री मोहम्मद सलीम)ः आप बैठिए,आप बैठिए, आप बैठिये । कुछ रिकॉर्ड में नहीं जा रहा हैं,मैंने बोल दिया है । नरेन्द्रर मोहन जी के भाषण के अलावा कुछ रिकॉर्ड में नहीं जाएगा । बैठिए । ....(**व्यवधान**)...

श्री नरेन्द्र मोहन: उपसभाध्यक्ष जी,मेरा 10 मिनट का समय जो इसमें निकल गया वह कृपा करके मेरा न काटे । मैं हाथ जोड़कर प्रार्थना करता हूं यह समय मेरा वापस कर दिया जाए । मुझे विश्वास है कि आप ऐसा करेंगे ।

उपसभाध्यक्ष(श्री मोहम्मद सलीम)ः आप बोलिए । *(Interruptions)* We will go through the record and if there is anything, we wiil expunge it.

श्री नरेन्द्र मोहन: उपसभाध्यक्ष महोदय,मैं यह कह रहा था कि किस प्रकार से उत्तर प्रदेश के चीफ इग्ज़िक्युटिव ने भारत के गृह मंत्री की भद्दी आलोचना की,बहुंत भद्दी है जिसकी चर्चा श्रीमती मारग्रेट आल्वा जी ने भी की । मैं उनकी बधाई देना चाहूंगा । मैं यह कहता हूं कि उन्होंने बहुत अच्छी बात की,कांग्रेस ने अच्छी बात की । कांग्रेस ने जिस तरह से उत्तर प्रदेश की मामले में गवर्नन की धज्जियां उडाई,वह उचित बात थी । मैं उसके साथ अपने को जोड़ता हूं। लेकिन सवाल यह है कि केवल उतना ही नहीं है,उससे ज्यादा हुआ है । अभी.सी.बी.आई.ने कहा कि जो आयुर्वेदिक दवाओं का घोटाला हुआ है उसकी जांच करने की अनुमति मांगी जो अपराधी है उन पर मुकदमा चलाने की अनुमति उनको दे दी जाए यह मांग भी की । यह सरकार कह रही है कि वह भ्रष्टाचार के विरूद्व है । राष्ट्रपति के अभिभाषण ने कहा गया है कि उनकी सरकार भ्रष्टाचार के बारे में चिंतित हैं । यह चिंता देखिये । सी.बी.आई.कह रही हैं कि हमको मुकदमा चलाने की इजाजत दे दी जाए और कहा जाता है कि नहीं हम आपको मुकदमा चलाने की अनुमति नहीं देगें । यह किसी के इशारें पर हो रहा है ? मैं आपके माध्यम से इस सरकार से पूछना चाहूंगा कि क्या यह सरकार वास्तव में भ्रष्टाचार के लिए चिंतित है या केवल उसका राजनीतिकरण कर रही है । यह माजरा क्या हैं ? मैं जानना चाहता हूं । इण्डियन बैंक के एक्स चेयरमैन गोपाल कृष्णन के मामले मे सी.बी.आई.ने बार बार रिज़र्व बैंक ने कहा कि हमें उनके सारे कागज़ात दे दिये जाएं और भारत सरकार ने रिज़र्व बैंक पर दबाव बनया कि कोई कागज़ात सी.बी.आई.को न दिये जाएं । यह सरकार कह रही है कि उसे भ्रष्टाचार की बड़ी चिंता हैं । बड़े अफसोस की बात है,बड़ी अजीबोगरीब बात है । इससे बड़े पांखड की ओर क्या बात हो सकती हैं ? मैं आपके माध्यम से जानना चाहता हूं कि जिसकी सरकार है जिस दल का प्रधानमंत्री है उस दल का अध्यक्ष सी.बी.आई.को धमकी देता है और कहता है मैं निपट लूंगा,मैं बिहार की,पटना की सड़कों पर पर निपट लूंगा सी.बी.आई से । एक नहीं अनेक भाषण देता है । अफसोस की बात है और वह सरकार कहती है कि उसे भ्रष्टाचार की बड़ी चिंता है । यह तो ईश्वर की बड़ी कृपा है कि सर्वोच्च न्यायालय की ताकत अभी बाकी है,नहीं तो इस सरकार के लोगों ने कब का इस देश का बिस्तर गोल कर दिया होता । 9 महीने में बहुत कुछ कर लिया होता । लेकिन इन 9 महीनों में सिवाय भ्रष्टाचार के बढाने के इस सरकार ने कुछ भी नहीं किया है । देश में खाद्यात्र की कमी नहीं थी देश के फूड कारपोरेशन के गोदामों में खाद्यात्र भरा हुआ रखा था । यह आंकड़े बता रहे हैं । मंत्री बैठे हैं,खंडन कर दें इस बात का लेकिन खाद्यात्र होने के बाद भी 20 लाख टन गेहूं मंगाया गया और किन दरों पर मंगाया गया,जो दरें बाज़ार से ज्यादा थी । क्या हुआ,यह कैसे हुआ । गोदामों में गल्ला भरा हुआ रखा रहे ,मूल्य से ज्यादापर मंगा लिया जाए,अंतर्राष्ट्रीय मूल्य से ज्यादा दे कर अनाज मंगाया जाए । यह क्यों हुआ ? क्या इसमें भ्रष्टाचार की दुगंध नहीं आती ? और मज़ेदार बात बताऊंगा,खंडन कर सकते हों, तो करें,मैं चुनौती देता हूं । खाद्य मंत्री से बिना पूछे,उन्हें बिना विश्वास में लिये,यह सौदा किया गया । मैं आरोप लगाता हूं इस सरकार के मंत्रियों पर जिन्होंने यह सौदा किया । उन्होंने देश के साथ विश्वासघात किया है । खाद्य मंत्री को विश्वास में लिया ही नहीं गया,एक दिन भी विश्वास में नहीं लिया गया,एक मिनट भी विश्वास में नहीं लिया गया और लेटर आफ क्रेडिट खोल दिया गया । उनकी जानकारी में यह बात नहीं थी कि इतना बड़ा सौदा होने जा रहा है । इस तरह से सरकार काम

*Expunged as ordered by the Chair.

करती है ,यह भ्रष्टाचार को दूर करेंगी,यह संभव नहीं हो सकता ।

प्रधान मंत्री निर्देश देते हैं कि सी.बी.आई.किसी भी मंत्री और अभूपूर्व मंत्री की जांच नहीं करेगी जब तक उनसे अनुमति न ले ली जाए । खंडन करिए । कोई खड़ा होकर खंडन करे । क्या प्रधानमंत्री ने ऐसा नहीं कहा । क्या ऐसा निर्देश प्रधानमंत्री के कार्यालय से नहीं गया । हो हिम्मत करे खंडन करिए और यह सरकार कहती है कि भ्रष्टाचार पर चिंता है इसको । कैसी चिंता है यह ? यह सरकार तो यह कहती है कि मंत्रियों और भूतपूर्व मंत्रियों के विरूद्व अगर कोई जांच करनी है तो पहले उनकी लिखित अनुमति ले ली जाए । यह बड़े अफसोस की बात है । और देखिए,मैं इतना ही नहीं कहना चाहता हूं,और भी कहना चाहता हूं । इनको जब सर्वोच्च न्यायालय के जजों से भी कुछ खतरा लग रहा है । यह चाहते हैं कि जजों की नियुक्तियों में भी कुछ घपलेबाजी कर सकें । यह बड़ी अजीब बात है । खुले आम चर्चा हो रही है कि सर्वोच्च न्यायालय के जजों की नियुक्तियों में सरकार का हस्तक्षेप होना चाहिए ...(**व्यवधान**)

श्री वसीम अहमद: वह एलीगेशन बिल्कुल बेसलेस है । आप कैसी बात कर रहे हैं । यह इतना बेसलेस इलीगेशन आप लगा रहे हैं **...(व्यवधान)**

SHRTJOHN F. FERNANDES: There was a statement from the Law Minister.

SHRI NILOTPAL BASU: Mr. Vice-Chairman, Sir, I am on a point of order.

उपसभाध्यक्ष(श्री मोहम्मद सलीम): प्वाइंट आफ आर्डर क्या हैं ।

SHRI NILOTPAL BASU: The point of order is this. He is levelling certain allegations against responsible members of the Government on the floor of the House. I want to know whether he has given any notice to the Government before levelling these allegations or not. . . *(Interruptions)*. . .

SHRI NARENDERA MOHAN: I want them to refute. I want them to refute. I am levelling certain allegations consciously.. . . *(Interruptions)*. . .

उपसभाध्यक्ष(श्री मोहम्मद सलीम): नरेन्द्र मोहन जी सुनिए**...**

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF PLANNING AND PROGRAMME IMPLEMENTATION (SHRI YOGINDRA K. ALAGH): Sir, all I am saying is that the hon. Member has no idea of the way imports are planned, the working of the Cabinet Committee on Prices and so on where all these things are discussed. These are wild allegations which I. . . *(Interruptions)*. . .

SHRI NARENDRA MOHAN: These are not wild allegation. I want them to refute whether the Food Minister had been consulted or not.

श्री वसीम अहमद (उत्तर प्रदेश)**:** बिल्कुल बेसलेस एलीगेशन लगा रहे हैं ।

SHRI NILOTPAL BASU: Sir. . . (*Interruptions*). . .

THE VICE CHAIRMAN (SHRI MD. SALIM): You have made your point.

नरेन्द्र मोहन जी सुनिए,एक तो भाषण देते समय थोड़ी बहुत नोक-झोंक हो वह अलहिदा बात है । आप "खंडन करो" "खंडर करों",करके दूसरों को ऐसे प्रोत्रोक भी मत करिए । आप भाषण दीजिए,एक और दूसरी तरफ अगर वे अखंडन करते हैं तो सुन लीजिए ...(**व्यवधान**)...अब ऐसा है कि यहां सदन में हम लोग जब कुछ बात करते है अगर कोई आपको किसी के बारे में अभियोग लगाना है,या तो उसकी नोटिस देनी चाहिए या तो कुछ स्ब्स्टेशिएट करना चाहिए । आप भाषण दे सकते है । आप बोल सकते हैं लेकिन डोंट मेक एलीगेंशंस ।

श्री नरेन्द्र मोहन: अब सर्वोच्च न्यायालय के जजों की नियुक्तियों के बारे में **....**

उपसभाध्यक्ष(श्री मोहम्मद सलीम): इसी के बारे में बोल रहा हूं । वह जो भूट गया वह अलहिदा बात है । अब जजों के रिक्रूटमेंट के बारे में अगर आप बोलते है तो ऐसी नोटिस दें,अगर ऐसी इन्फारमेंशन आपके पास है,वरना इस सदन में हम गंभीरता से लेते है किसी भी बात को ।

श्री नरेन्द्र मोहन: उपसभाध्यक्ष जी,सर्वोच्च न्यायालय के जजों **....(व्यवधान)**

That news has been published in all the newspapers. I have got the cutting, I can show it to you. I am referring to various news-itctns published and. . . .

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI MD. SALIM): A news-item published cannot

be produced as evidence here. If you have certain other things, you can.. . . *(Interruptions).* . .

SHRI RAM JETHMALANI (Maharashtra): Sir, there was a proposal which had been publicly discussed that the *(inpta* Judgement should be reversed and the power to appoint judges should be taken over by the Executive. The hon. Member is entitled to comment on it.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI MD. SALIM): Mr. Jethmalaniji, he did not speak in the way you spoke. He was levelling certain allegations.

SHRl NARENDRA MOHAN: No, no. I am not levelling any allegation.. . . *(Interruptions).* .

I was not levelling any allegations.. . . *(Interruptions).* . .

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI MD. SALIM): He said,

नियुक्तियों के बारे में घपले हो रहे है ...(**व्यवधान**) मैं यह कह रहा हूं कि....

what he is saying is different.

SHRl NARENDRA MOHAN: How can this Government really eradicate corruption? What are they? They want their henchmen.. . . *{Interruptions).* . .

SHRl JOHN. F. FERNANDES: Sir, I want to clarify it. The Law Minister made a statement in Goa. In his statement he said that a committee will be appointed for the appointment of judges in «he PMO. That is the declared policy of the Government. . . *(Interruptions).* . .

उपसभाध्यक्ष(श्री मोहम्मद सलीम): अच्छा,अब इसे कंटीन्यू करने से पहले ...

श्री नरेन्द्र मोहन: हां साहब मुझे तो अभी कम से कम एक घंटा बोलना है।

उपसभाध्यक्ष(श्री मोहम्मद सलीम): आप एक घंटा बोलें। लेकिन सदन का भी तो समय है। आपका समय है।आपका समय समाप्त नहीं हुआ है ...

श्री नरेन्द्र मोहन: तो कल कर दीजिए।

उपसभाध्यक्ष (श्री मोहम्मद सलीम): आप सुनिए मेरी बात। पांच बजे हमें एडर्जन करना है। कल होगा यह तो शायद ठीक नहीं। कल तो शुक्रवार है। जब नेक्सट डे या जिस डिसक्शन होगा तो उस रोज आप बोलेंगे। इसके बाद फिर कटीन्यू करेंगे।

श्री नरेन्द्र मोहन: ठीक है।

उपसभाध्यक्ष(श्री मोहम्मद सलीम)**:** उससे पहले अभी एक स्टेटमेंट है कम्युनिकेशंस मिनिस्टर का। चूंकि पांच बजे हमें एडर्जन करना है तो वे ले कर सकते हैं टेबुल पर उसके बाद प्रेजीडेंट एड्रेस बाद में लिया जा सकता है।

5.00 P.M.

STATEMENT BY MINISTER

Village Public Telephones

संचार मंत्री(श्री बेनी प्रसाद वर्मा): श्रीमन् मैं आप की अनुमति से ग्रामीण सार्वजनिक टेलीफोनों के बारे में एक वक्तव्य सदन के पटल पर रखता हूं।

श्री विष्णु कान्त शास्त्री (उत्तर प्रदेश)**:** माननीय उपसभाध्यक्ष जी,मैं माननीय मंत्री जी से एक जानकारी चाहता हूं।

यह मेरा सौभाग्य है कि माननीय संचार मंत्री यहां उपस्थित है। मैं इसे भगवान की कृपा मानता हूं। मुझे आप यह अखबारों में पढ़ने को मिला है कि लोक सभा के माननीय अध्यक्ष जी ने टेलिफोन देने का हम लोगों का जो विशेषाधिकार है,वह एक अप्रैल से खारिज कर दिया है। मैं संचार मंत्री जी से पूछना चाहता हूं कि एक अप्रैल एक तो हम अपने अधिकार का प्रयोग कर सकते हैं ? अगर एक अप्रैल के भीतर हम जितने टेलिफोन दे सकते हैं दे दें,तब तो आप को आपत्ति नहीं होगी ? इस विषय में कृपया आप स्पष्टीकरण दें ..(**व्यवधान**)...मैं आप सब के लिए पूछ रहा हूं। यह मेरे अकेले का नहीं,सब का सवाल है। आप को तो प्रशंसा करनी चाहिए। ....(**व्यवधान**)...

श्री बेनी प्रसाद वर्मा: श्री मान्,कल मैं लोक सभा में बैठा हुआ था जब माननीय अध्यक्ष जी ने इस तरह का निर्देश दिया था। निर्देश देने के पूर्व मुझे किसी प्रकार की